## बरही थाना के ग्राम धैवेया का मामला, ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय में किया प्रदर्शन

# खेत में घुसे मवेशी, महिला ने विरोध किया तो इतना पीटा की हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खेत में लगी फसल को मवेशियों से चराने का विरोध करने पर एक महिला को इस तरह से पीटा कि उसकी जान निकल गई। मामला बरही थाना अंतर्गत ग्राम धवैया का है। महिला की मौत के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम धवैया निवासी कलावती कुशवाहा 29 दिसंबर 2025 को अपने खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही रज्जन पाठक ने अपने मवेशी उनके गेहूं के खेत में छोड़ दिए। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में महिला के सिर, पीठ एवं अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 1 जनवरी 2026 को जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया। इलाज के दौरान कलावती ने दम तोड़ दिया। मामले में





पहले मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया था, लेकिन महिला की मौत के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 759/25 में धारा 103 (1) बीएनएस का इजाफा करते हुए हत्या का मामला कायम कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी रज्जन पाठक निवासी धवैया को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण महिला की जान गई। ग्रामीणों ने आरोपी को राजनीतिक संरक्षण मिलने के भी आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि आरोपी द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही थीं।

### गांव में तनाव, पुलिस चौकस

बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि महिला की शिकायत पर उसी दिन रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी, मेडिकल कराया गया था और बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों से समन्वय किया गया। महिला की मृत्यु के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या की धारा जोड़ी गई है। घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्र में तनाव ना बनें इसको देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



# दो दर्जन किसानों पर हुई कार्रवाई, पंप व तार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शुक्रवार को स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र की टीम ने विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले गाँवों में चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान खेतों मैं पहुँचे तो पाया कि घरेलू विद्युत पोल से लाइन खींचकर कृषि कार्य करने, बिना परमानेंट कनैक्शन के बिजली उपयोग व बिना टीसी लिए विद्युत उपयोग करने पर लगभग आधा सैकड़ा किसानों पर कार्रवाई की गईं।

### खेतों में पहुंची जांच टीम

कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता सुमित सिन्हा,अनिल तिवारी, अंजली बर्मन, ओमप्रकाश यादव, विनय हल्दकार,प्रवीण तिवारी,रामकेश, अनुराग, राजभान उपस्थित रहे। कनिष्ठ अभियंता

**घरेलू विद्युत लाइन से तार खींचकर फसलों की हो रही थी सिंचाई**

सुमित सिन्हा ने बताया कि स्लीमनाबाद के पड़वार, तिहारी, कोहका व छपरा सहित अन्य गाँवो पहुंचकर विद्युत टीम ने दबिश दी जहाँ खेतों मै पहुंचकर विद्युत विभाग की टीम ने दो दर्जन किसानों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की गईं।

### धारा 135 की कार्यवाही

विद्युत विभाग की टीम द्वारा मोटर पम्प व तार जब्त की गईं ओर अवैध तरीके से विद्युत चोरी का प्रकरण बनाया गया। सभी लोगो के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 14 से 28 जनवरी के मध्य जिले में होगा आनंद उत्सव

**कटनी।** आगामी 14 जनवरी से 28 जनवरी के मध्य आनंद संस्थान द्वारा जिले में आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सी ई ओ हरसिमरनप्रीत कौर ने कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आयुक्त नगर निगम, सभी एसडीएम, सभी जनपद पंचायत के सीईओ और सभी नगर परिषद व नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग के लिए अनिल काम्बले, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर, आनंद विभाग से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

### तिलक कॉलेज में 4 विषयों का शोध केंद्र होगा स्थापित

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक इस स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शोध केंद्र की स्थापना चार विषयों में हिंदी, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं वाणिज्य संख्या में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया है। शोध केंद्र की स्थापना होने से कटनी जिले के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा पीएचडी उपाधि प्राप्त करने में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर माधुरी गर्ग ने बताया कि शोध केंद्र की स्थापना समाज और शैक्षिक व्यवस्था के बौद्धिक विकास की आधारशिला है शोध केंद्र के माध्यम से नए तथ्यों सिद्धांतों और अवधारणाओं का विकास होगा विद्यार्थियों के चिंतन विश्लेषण क्षमता और नवाचार की प्रवृत्ति में निरंतर वृद्धि होगी उनमें आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत होगा। शोध केंद्र की स्थापना कटनी जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कटनी जिले के समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है।

### पुलिस की सक्रियता से दो घंटे में चोरी हुई बाइक बरामद



**सिलौंडी।** मां वीरासन देवी दरबार में नव वर्ष में 3 दिवसीय मेला का आयोजन हा रहा है। मेले से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस की सक्रियता और जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों सके सहयोग से एक दो घंटे के भीतर से चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया गया। जानकारी अनुसार शैलेंद्र सिंह गौड़ ग्राम अतरिया की बाइक क्रमांक एमपी 20 NY 3927 दोपहर में चोरी हो गई। बाइक चोरी होने की सूचना मिलते हुए पुलिस, जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों ने सक्रियता से गाड़ी की खोज बीन किया जिसके परिणामस्वरूप 2 घंटे में ही बाइक बरामद हो गई। इस कार्य में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे ,सरपंच द्रौपदी बहादुर ,सचिव रामचंद्र यादव , चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल, पुलिस आरक्षक अतुल शर्मा, पुरुषोत्तम सिंह हेमरे, मुकेश सिंह मार्को का सहयोग रहा।

**नगर निगम अमले द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड में की गई कार्रवाई**

# सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण करके व्यवसाय करने पर सामग्री की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान मदन मोहन चौबे वार्ड के सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कबाड़ व्यवसाय संचालित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कबाड़ सामग्री जब्त की।



कार्रवाई के दौरान पाया गया कि मदन मोहन चौबे वार्ड में कबाड़ व्यवसाई मोहम्मद शफीक द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर लोहे का कबाड़, पुरानी सामग्री एवं अन्य सामान फैलाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था एवं आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया एवं अवैध रूप से रखी गई कबाड़ सामग्री को जब्त कर निगम वाहन से हटाने की कार्यवाही की गई।

नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करना नियमों के विरुद्ध है तथा इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। निगम द्वारा पूर्व में भी विगत 23 दिसंबर को अतिक्रमण न करने हेतु समझाइश दी जाकर नोटिस भी जारी किया गया था, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी किए जाने तथा आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्रवाई की गई।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा अपने व्यवसाय निर्धारित सीमा में ही संचालित करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भरभरा आश्रम में नये वर्ष पर संत समागम का आयोजन



उमरियापान के समीप भरभरा आश्रम में संत बनवारीदास महाराज के सानिध्य में नववर्ष के अवसर पर संत समागम का आयोजन हुआ जिसमें मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम पहुँचे श्रद्धालुओं ने संत बनवारीदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जज के सूने बंगले में चोरी का प्रयास, डॉग स्क्वाड टीम के साथ पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

न्यायिक अधिकारी के आवास में चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने ढीमरखेड़ा में स्थित मजिस्ट्रेट के सूने बंगले का पिछला दरवाजा तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि न्यायाधीश पूर्वी तिवारी घटना के समय अवकाश पर थीं। जब पड़ोसियों ने घर में हलचल देखी और घटना की जानकारी दी तब न्यायाधीश की माता ढीमरखेड़ा पहुँचीं। चोर बंगले में घुसे जरूर लेकिन किसी भी कीमती सामान को ले जाने में सफल नहीं हो पाए। मामले की सूचना मिलते ही थाना



प्रभारी अभिषेक चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

न्यायाधीश के बंगले के ठीक बाजू में ही विधायक कार्यालय स्थित है। बताया गया है कि घटना की जानकारी मिलने पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

**विजयराघवगढ़ पुलिस ने शराब के अवैध परिवहन पर की कार्यवाही**

# 35000 रूपय कीमती 7 पेटी अंग्रेजी शराब सहित ई-रिक्शा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ई रिक्शा में शराब का अवैध परिवहन करने पर विजयराघवगढ़ पुलिस टीम ने कार्यवाही की है। आरोपितों के विरूद्ध मामला दर्ज कर किया गया। पुलिस के अनुसार 1 जनवरी की दरम्यानी रात में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा पुलिस टीम के साथ कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे।

इसी बीच ग्राम कारीतलाई रोड में एक संदिग्ध आटो ई-रिक्शा का नम्बर एम.पी. 21 जेड.जी. 6436 को रोककर चेक किया गया, कार के अंदर 07 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कागज (कार्टून) की पेटी के अंदर 50-50 गोवा अंग्रेजी शराब के



कुल 350 पाव (63 वल्क लीटर) गोवा अंग्रेजी शराब सीलबंद हालत में कीमती 35000 रूपया की पाई गई, आरोपी पंकेश बागरी पिता सुरेन्द्र सिंह बागरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नन्हवाराकला थाना कैमोर के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध का पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 07 गोवा अंग्रेजी शराब एवं वाहन ई-रिक्शा आटो क्रमांक एम.पी. 21 जेड.जी. 6436 जब्त की गई, आरोपित को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के द्वारा पूछताछ मेमोरेण्डम के आधार पर उक्त जब्त शराब ग्राम झिरिया निवासी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू उरमलिया कें द्वारा झुकेही की सरकारी शराब दुकानों एवं ग्राम करहिया से शराब खरीदकर अवैध रूप से थाना क्षेत्र में बिक्रय करने के लाया था, आरोपी पंकेश बागरी एवं आरोपी शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू उरमलिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय जे.आर. पर पेश किया गया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक चालक मज्जू कोल, स्वतंत्र साक्षियों की मुख्य भूमिका रही।

## लघु वृन्दावन धाम बांधा में नूतन वर्ष पर दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

# महाआरती कर की गई विश्व कल्याण की कामना, अर्पित किए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 1 जनवरी को नववर्ष उत्सव बेहद गरिमापूर्ण उत्साह एवं भक्तों के जनसैलाब के साथ आयोजित हुआ।नववर्ष पर प्रातः 11 बजे से श्री राधारानी भजन मंडल इमलाज एवं मझगवां के द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति चली।वहीं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्री राधा वल्लभ मंडल कटनी द्वारा भजन संकीर्तन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं। दिनभर भंडारे का भी आयोजन चला। देर शाम मंदिर मे महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई। बाँके बिहारी भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए। लोगो ने बाँके बिहारी भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।नववर्ष की बेला पर लघु



वृन्दावन धाम बांधा में धर्ममय वातावरण आच्छादित रहा। इस दौरान समिति के पंडित रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### चंडी पूजा कर गांव की खुशहाली की गई कामना

ग्रामीण अंचलों में चंड़ी मेला लगने का सिलसिला चल रहा है। चंडी मेले भरने की पुरानी परंपरा है। मेले की खास बात यह है कि क्षेत्र के कुछ ग्राम ऐसे भी है, जिनकी चंडी मेले का आयोजन मशहूर है। जिनमें शिरकत करने क्षेत्र के लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। चंडी मेले का दौर शुरू होते ही यादव समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ नृत्य कर सबका मन मोहते हैं।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में चंडी मेला आयोजित



हुआ। जहां चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन के साथ अहीर समाज ने जयकारे लगाए। परंपरागत वेशभूषा में ढोल की धुन पर झूमते अहीरों को देखने लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा मेले में आने वाले लोग झूला- झूलने के लिए उमड़ पड़े। यहां भी झूले के इर्द गिर्द लोगों का हुजूम लगा रहा। झूले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही बड़े झूले के पास युवक, युवतियों की भीड़ लगी रही। गुड़ की मिठाइयां, सिंघाडे, गुब्बारे, गन्ने की मड़ई में अधिक बिक्री हुई। मेले में दुकानदारों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पंचायत द्वारा इंतजाम किए गए। व्यापारी अपनी दुकाने लेकर सुबह 11 बजे से मेला स्थल पहुंच गए। दोपहर बाद मेले में लोगों का आना प्रारंभ हो गया। शाम को अहीरों के नृत्य व लोगों की चहल पहल मेले में चार चांद लगा दिया।

# पंचायतों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करनें होंगे सार्थक प्रयास, बेहतर कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना के अंतर्गत नवीन चयनित संस्थाओं की मासिक बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरन प्रीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जन अभियान के जिला समन्वयक श्री तेज सिंह केशवाल ने विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों और प्रगति की जानकारी विस्तार से दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने विकास खंडवार की जा रही गतिविधियों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद एवं ग्राम पंचायतों के समन्वय से पर्यावरण को शुद्ध करने एवं मवेशियों को प्लास्टिक खाने से होने वाली हानियों से बचाने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सिंगल यूज



प्लास्टिक मुक्त किए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर अधिकारियों कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रगतिरत गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि जन अभियान परिषद एवं ग्राम पंचायतों के समन्वय और सहयोग से ग्राम पंचायतों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त किए जाने हेतु सार्थक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बेहतर और उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों और जन अभियान परिषद के सदस्यों को आगामी 26 जनवरी को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायतों में होने वाले कचरा के निस्तारण हेतु तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कटनी।** पटवारा रेलवे स्टेशन के पास देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक कुशवाहा के रूप में हुई है, जो कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत कन्हवारा गांव का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दीपक कुशवाहा न्यू ईयर मनाने की बात कहकर घर से निकला था। उसने अपनी बाइक पटवारा फाटक के पास खड़ी की और वहां से स्टेशन की ओर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्टेशन परिसर में युवक कुछ समय तक मौजूद रहा और इस दौरान उसने खतरनाक व्यवहार किया, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों ने उसे समझाकर रोकने का प्रयास भी किया। इसके बाद देर रात स्टेशन और रेलवे ट्रैक क्षेत्र में युवक के फिर से दिखाई देने की बात सामने आ रही है। सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू किया।

### आत्महत्या की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित

**कटनी।** शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा बढ़ते आत्महत्या की रोकथाम के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा कटनी में जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह पहल राज्य परियोजना संचानालय, विश्व बैंक परियोजना और उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के आपराधिक अपील संख्या 1425/2025 में दिए गए निर्णय के अनुपालन में की गई है। जारी आदेश के अनुसार टास्क फोर्स के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। जबकि पुलिस अधीक्षक, परियोजना अधिकारी डूडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाल सुरक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी इसके सदस्य होंगे। वहीं प्राचार्य, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय इसके सदस्य सचिव होंगे।

### अब एग्रीगेटर बैंक से होगा नियमित पेंशन का भुगतान

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक को नियमित पेंशन भुगतान हेतु एग्रीगेटर बैंक के कार्य हेतु अधिकृत किया गया हैं। अब 1 जनवरी 2026 से समस्त पेंशन भुगतान आदेश सीपीपीसी भारतीय स्टेट बैंक भोपाल को प्रेषित किये जाएगा। इसके पूर्व प्रथम पेंशन एवं उपादान भुगतान के पश्चात पेंशन प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंक के सी.पी.पी.सी. सेल को प्रेषित किया जाता रहा है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अवगत कराया है कि शासकीय सेवक का वेतन खाता किसी भी राष्ट्रीयकृत या प्राईवेट बैंक में हो, उसके पेंशन भुगतान आदेश अब केवल सीपीपीसी भारतीय स्टेट बैंक को प्रेषित किए जाएंगे। ऐसे शासकीय सेवक जिनका वेतन खाता 10 राष्ट्रीयकृत बैंक में से किसी बैंक में न होकर किसी अन्य बैंक में है उस शासकीय सेवक को अपनी नियमित पेंशन प्राप्त करने के लिए उक्त बैंकों में से किसी एक में पृथक से खाता खुलवाने की आवश्यकता नहीं है।

### रीठी एवं कुठला थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

# मातम में बदलीं नये वर्ष की खुशियां, 2 हादसों में बालिका सहित 5 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रीठी एवं कुठला थाना क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मंटोला के पास गुरुवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हुए हैं। यह हादसा 1 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे घटित हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार पाँचों लोग गंभीर रूप से सड़क पर जा गिरे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया। इस हादसे में 19 वर्षीय करण पिता दादूराम चौधरी की मौत हो गई। करण रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम हथकुरी का निवासी था। करण गंभीर रूप से घायल हो गया था, इलाज के दौरान अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। हादसे में जो घायल हुए हैं उनमें आकाश चौधरी निवासी कुठला, शेखर पिता सुनील विश्वकर्मा निवासी शाहनगर लमतरा, शिवम बर्मन पिता कालू बर्मन, और शत्रुघ्न पिता सिट्टू प्रजापति निवासी शाहनगर शामिल हैं जिसमें आकाश की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का का उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अस्पताल पहुँचकर घायलों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

इसी तरह रीठी थाना क्षेत्र के सलैया चौकी अंतर्गत कटनी-दमोह मार्ग पर हीरापुर व बड़गांव के बीच गुरूवार की रात करीब 8 बजे बड़ा हादसा हो गया। दमोह से कटनी की ओर टमाटर लेकर आ रहे एक पिकअप वाहन ने मोटर साइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ढाई साल की बच्ची एवं दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने रीठी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने स्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लिए। पोस्टमार्टम के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया।

जानकारी के मुताबिक अनु पिता कोमल बसोर 32 वर्षीय, कुमारी भारती पिता अनु बसोर ढाई वर्षीय, विनोद पिता रमेश बसोर 30 वर्षीय, प्रेमलाल पिता काशीराम बसोर 32 ग्राम बगवार थाना रैपुरा जिला पन्ना निवासी एक ही परिवार के थे। कटनी के ग्राम बरजी से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी बीच ग्राम हीरापुर व बड़गांव के बीच टमाटर से लदे पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही बच्ची सहित दो लोगों ने दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी मो. शाहिद ने बताया कि गुरूवार की देर शाम सलैया चौकी अंतर्गत कटनी-दमोह मार्ग पर हीरापुर व बड़गांव के बीच रैपुरा की ओर जा रहे मोटर साइकिल सवारों को टमाटर लेकर कटनी की तरफ आ रहे एक पिकअप वाहन ने सीधी टक्कर मारी है। मोटर साइकिल में तीन लोग सवार थे और उनके साथ आगे ढाई साल की बालिका बैठी हुई थी। दुर्घटना में दो युवकों सहित बालिका की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से वाहन लेकर भाग गया और रीठी से पहले वाहन सड़क पर खड़ा कर भाग निकला। घटना की जानकारी लगते ही सलैया चौकी प्रभारी विनोद पांडेय बल के साथ पहुंचे और गंभीर घायल एक युवक को एम्बुलेंस से रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया, जहां पर उसने भी इलाज के दौरान कुछ ही देर में दम तोड़ दिया।



# सड़क निर्माण की घोषणा प्रस्ताव कराया गया तैयार

### नये वर्ष पर ग्राम भजिया में मनाया गया मिला समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

नव वर्ष 2026 मिलन समारोह बड़वारा क्षेत्र में भी बड़े ही जस्न के साथ मनाया गया।ग्राम भजिया में भारी जन समूह नव वर्ष मिलन समारोह में उपस्थित रहा।जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया की उपस्थिति से आत्म विभोर हुए ग्रामीण भजिया ग्राम व आस पास के ग्रामों के विशेष आग्रह पर जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया ने नव वर्ष मिलन समारोह में अपनी उपस्थिति दी। जनप्रतिनिधि को अपने बीच पाकर ग्राम वासी बेहद खुश हुए। इस दौरान गक्कड़ भरता का भी स्वाद लिया गया। उपथित ग्राम वासी व जनप्रतिनिधियों ने किया व नववर्ष मिलन समारोह के आयोजन को सराहा।

#### सड़क निर्माण का प्रस्ताव

संचार संकर्म समिति के सभापति जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया ने भजिया गेट के पास से तुमना मंदिर खेरमाता तक मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रोड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करवाकर रोड निर्माण करवाने की घोषणा की जिस पर ग्रामीण जनों ने तालियां बजाकर अजय गौंटिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान ग्राम भजिया के सम्मानित व्यक्ति गजेंद्र उपाध्याय,संतोष पाल, तीरथ राय, बसंत गौंटिया, किशन गौंटिया, कल्याण तिवारी, कल्लू बाई अध्यक्ष सहकारी समिति मछुआ, मुस्ताक आलम साहब, खमरिया सरपंच संतोष मार्को एवम भारी संख्या में महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।

### विकास शुल्क जमा कराने वार्डों में शिविरों का हो रहा आयोजन

# राम मनोहर लोहिया वार्ड में आयोजित शिविर में ननि को मिले 3.66 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की चिन्हित पात्र अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण एवं अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा वार्डवार आयोजित किए जा रहे विकास शुल्क जमा शिविरों का नागरिकों द्वारा भरपूर लाभ उठाया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को वार्डवासियों की मांग पर राम मनोहर लोहिया वार्ड अहमद नगर मस्जिद के पास आयोजित विकास शुल्क शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 3 लाख 66 हजार रुपये की राशि विकास शुल्क के रूप में जमा की।

प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास शुल्क जमा कराकर अपने क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। नागरिकों ने नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित करने की पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया है।

नगर निगम अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग संबंधित वार्डों में अधोसंरचना विकास कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। शिविर के दौरान कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया गया।

#### सुविधाओं का होगा विस्तार

नगर निगम प्रशासन ने अपील की है कि शेष पात्र नागरिक भी विकास शुल्क शिविरों का लाभ उठाएं, ताकि अनधिकृत कॉलोनियों के विकास कार्यों को गति दी जा सके और वार्डों में सुव्यवस्थित नगरीय सुविधाओं का विस्तार हो सके।

### सरदार पटैल की जयंती पर एकता शिविर का आयोजन



लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में एकता शिविर का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने सरदार पटैल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए उपस्थित जनों को देश के विकास एवं एकता बनाये रखने में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर और समिति के अध्यक्ष आरएल चौधरी के बताया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में डॉक्टर तेज सिंह केसवाल जिला समन्वयक के निर्देशानुसार एवं बालमुकुंद मिश्रा ब्लॉक समन्वयक के मार्गदर्शन में 31 दिसंबर 25 को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में ग्रामीण युवा एकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गणपत कोल, रामानुज पांडे राजकुमार त्रिपाठी सहित भारी संख्या में ग्रामीण युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आनंद की अनुभूति एवं जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली गतिविधियों का चयन कर गरिमापूर्ण भव्य आयोजन करें। नागरिकों की अधिक से अधिक जन भागीदारी एवं सहभागिता हो इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ एवं आनंदम की नोडल अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि क्लस्टर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का चयन ऐसा करें कि आनंद उत्सव में खुशियों की बरसात हो और हर चेहरे पर मुस्कान हो। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव हेतु चयनित स्थल पर अनुशासित तरीके से कार्यक्रम का कैलेंडर, समय का सुव्यवस्थित शेड्यूल, नागरिकों हेतु बुनियादी एवं मूलभूत आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति 14 जनवरी से 28 जनवरी के मध्य जिले भर में आनंद उत्सव 2026 के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आनंद उत्सव 2026 को कारगर एवं बेहतर तरीके से आयोजित करने के संबंध में सुझाव भी चाहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आनंद उत्सव के आयोजित कार्यक्रमों में जिला स्तर से अधिकारियों द्वारा सघन भ्रमण कर मॉनिटरिंग की जाएगी। आयोजित कार्यशाला में प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले ने आनंद उत्सव 2026 की विभागीय गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान समन्वयक कमलेश सैनी, तेज सिंह केसवाल,मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी आदि मौजूद रहे।

### शिविर में विभिन्न सेवा संबंधी विषयों के करीब 70 आवेदन हुए प्राप्त

# निगमायुक्त ने स्वयं सुनीं कर्मचारियों की समस्याएं, निराकरण करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की पहल पर शुक्रवार को नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में निगम के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

शिविर के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वयं मौजूद रहकर कर्मचारियों से आवेदन लिए तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा उचित निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। शिविर में पहुंचे विद्युत शाखा राज कुमार राजभर एवं फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी दिलराज सिंह के आवेदनों पर सुनवाई उपरांत निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा आवेदनों पर समय-सीमा में कार्यवाही करने हेतु लेखापाल श्रीकांत तिवारी को निर्देशित किया गया। जबकि स्थाईकर्मी महेश कुमार चौबे द्वारा नियमितीकरण किये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत स्थापना प्रभारी को प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश निगमायुक्त सुश्री परिहार ने दिए। वहीं एरियर भुगतान, पेंशन, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि, पारिवारिक पेंशन तथा विधि विभाग एवं अन्य सेवा संबंधी विषयों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई उपरांत विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया जाकर आगामी माह आयोजित होने वाले शिविर के पूर्व प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर उनका नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों के लगभग 70 आवेदन प्राप्त हुए।

उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की समस्याओं का पारदर्शी, सरल एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से प्रतिमाह करनें के निर्देश दिए गए है। जिससे निगम के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा राजस्व प्रकरणों का निराकरण समन्वय व टीम वर्क से करें

# कलेक्टर की सख्त हिदायत, कमजोर प्रगति वाले अधिकारियों की जवाबदेही होगी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आपसी समन्वय और टीम वर्क के साथ कार्य करें। जिन समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव है, उसके लिए आम नागरिकों को जिला मुख्यालय न आना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। राजस्व अधिकारी मूलभूत समस्याओं के निपटारे के प्रति संवेदनशील बनें और नियमित तौर पर फील्ड विजिट करें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने राजस्व अधिकारियों को यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, सभी एस डी एम और जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारगण तथा जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा एवं जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरव नामदेव मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दिया कि राजस्व मामलों के निराकरण में कमजोर प्रगति वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। सभी एस डी एम को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर नियमित तौर पर समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

#### हेल्प डेस्क करें शुरू

कलेक्टर श्री तिवारी ने किसानों व भू-स्वामियों के फार्मर आईडी बनाने के कार्य को अभियान स्वरूप में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस कार्य में तेजी लाने और भू-स्वामियों की सुविधा की दृष्टि से तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क



स्थापित करें और भूमि-स्वामी की फार्मर आईडी बनवायें और ई-केवाईसी करवायें। कलेक्टर ने लोकसेवा व उप लोकसेवा केन्द्रों और सभी कामन सर्विस सेंटर्स में भी फार्मर आईडी बनाने का काउंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए।किसानों और भूमि-स्वामियों से आग्रह किया गया है कि न्यायालयीन या अन्य कार्य से तहसील आने वाले किसान अपना आधार नंबर अवश्य साथ लायें ताकि हेल्प डेस्क से तत्काल फार्मर आईडी बनाई जा सके। फार्मर आईडी बनाने के कार्य में स्थानीय युवाओं का सहयोग भी प्राप्त करें।भविष्य में खाद प्राप्त करने सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी को आवश्यक किया गया है।

#### पंचायतों में बैठें पटवारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि पटवारियों को प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत भवन में उपस्थिति सुनिश्चित करायें। इस निर्देश का सख्ती से पालन करायें, अनुपस्थिति पर कार्रवाई करें। पटवारी की उपलब्धता होने से जनसामान्य के राजस्व संबंधी कार्य सहजता से हो सकेंगे।

#### 15 फरवरी तक पूरा करायें डिजिटाइजेशन

कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बताया गया कि ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ तहसीलों के अभिलेखों के स्केनिंग का कार्य पूर्णता पर है। अभी तक करीब 19 लाख से अधिक इमेज़ स्कैन हो जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने 15 फरवरी तक राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ।

#### कटनी अग्रणी जिलों में शामिल

कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों के निपटारे में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बंटवारा मामलों के निराकरण में कटनी जिले का प्रदेश में छठवां स्थान है। जिले में 86.77 फीसदी प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जबकि नामांतरण के करीब 22 हजार प्रकरणों का निराकरण कर 87.78 प्रतिशत के साथ कटनी जिला प्रदेश में 11 वें स्थान पर है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रकरणों के निपटारे की भी समीक्षा की ।

# मेले एवं प्रदर्शनी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंजुमन इस्लामिया स्कूल के मैदान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले और प्रदर्शनी को लेकर क्षेत्रवासियों ने SDM को एक पत्र सौंपकर इस मेले के आयोजन पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने मेले के आयोजन से होने वाली गंभीर समस्याओं को रेखांकित किया है। स्कूल का मैदान जिला शासकीय चिकित्सालय के ठीक सामने स्थित है। प्रदर्शनी के शोर और भीड़ के कारण अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को भारी असुविधा होती है। नियमों के अनुसार, अस्पताल और शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे को 'साइलेंस जोन' घोषित किया जाना चाहिए, जबकि यहाँ स्कूल अस्पताल से मात्र 20 मीटर की दूरी पर है। स्कूल के पास का मुख्य मार्ग संकरा है।

पिछले वर्षों का हवाला देते हुए बताया गया कि यहाँ भारी भीड़ के कारण एम्बुलेंस तक जाम में फंस चुकी है। इसके अलावा, कटनी मुड़वारा स्टेशन के करीब होने के कारण यात्रियों की ट्रेनें भी छूटने की नौबत आ जाती है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि स्कूल परिसर का क्षेत्रफल छोटा है और वहाँ लगाए जाने वाले झूलों के बीच पर्याप्त दूरी नहीं रखी जाती। इससे पूर्व में भी छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क पर अवैध पार्किंग और अव्यवस्था के कारण स्थानीय दुकानदारों का व्यापार प्रभावित होता है। शिकायत में लोक शिक्षण संचालनालय (DPI) मप्र के वर्ष 2012-15 के उन पत्रों का भी उल्लेख किया गया है, जिसके तहत शिक्षण संस्थानों में ऐसे आयोजनों की अनुमति पूर्णतः वर्जित है।

## खबर संक्षेप

### अलोका वेयर हाउस के पास सड़क हादसा, मोटर साइकिल व कार की टक्कर में तीन लोग घायल

**पवई।** अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित अलोका वेयरहाउस के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। अमानगंज से बम्होरी जा रहे मोटरसाइकल सवार तीन लोग चारपहिया कार से टकरा गए, जिससे तीनों घायल हो गए। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान हक्की पति पूरन (35 वर्ष), विनोद पिता पूरन (22 वर्ष) एवं रामेश्वरी पिता सुनवा चौधरी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों घायल ग्राम बम्होरी के निवासी बताए गए हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किसान सम्मान निधि की किस्त एवं उर्वरक प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी अनिवार्य

**पन्ना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। आगामी दिवस में योजना की 22वीं किस्त जारी होगी। फॉर्मर आईडी जनरेट होने के साथ ही आधार बैंक खाता डीबीटी सक्षम होना भी अनिवार्य है।माह जनवरी 2026 से उर्वरक वितरण भी फॉर्मर आईडी के जरिए किया जाएगा, जिससे किसानों को धारित भूमि के अनुसार उर्वरक प्रदान किया जा सके। पन्ना जिले में पीएम किसान योजना में कुल एक लाख 87 हजार 906 हितग्राही हैं।

### बड़ी संख्या में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

# घोघरा गांव में प्रशासनिक शिविर बना उम्मीद की किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कुम्हारी मंडल अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में स्थित घोघरा गांव, जहां गड़ाघाट के बाद वनांचल क्षेत्र में करीब 8–9 किलोमीटर का दुर्गम मार्ग तय करना पड़ता है, वहां प्रशासनिक शिविर के दौरान ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 31 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगातार आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रात्रि चौपाल के दौरान एक सामान्य व्यक्ति की तरह जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुये और ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आईडी, स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं प्रदान की गईं। रात्रि में चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण भी कराया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने एक सामान्य व्यक्ति की तरह ग्राम घोघरा में ही रात विताई, 01 जनवरी को प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक उन्होंने ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव सांझा किए। समस्याओं को मुख्यतः तीन भागों में विभाजित किया गया। पहला, अधोसंरचना से संबंधित विषय, जिसमें सीसी रोड, सामुदायिक भवन और किचन शेड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। दूसरा, हितग्राही मूलक सेवाएं, जिसमें सबसे गंभीर समस्या जन्म प्रमाण पत्र का अभाव होना सामने आया। जन्म प्रमाण पत्र न होने से आधार, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं, जिससे बच्चों की स्कूल में पढ़ाई और योजनाओं का लाभ बाधित हो रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनवरी माह में घोघरा गांव में कोई भी व्यक्ति बिना जन्म प्रमाण पत्र के नहीं रहेगा और सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र इसी माह तैयार कराए जाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया ग्रामीणों का स्नेह अत्यंत भावुक करने वाला था। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक देर रात तक आयोजित जन-चौपाल में उपस्थित रहे और सुबह फिर जल्दी आकर गांव भ्रमण में साथ चले। ग्रामीणों द्वारा गाया गया बुंदेली गीत, जिसमें उनके जाने की पीड़ा और पुनः आने की कामना व्यक्त की गई, भाव विभोर करने वाला क्षण था। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जब लोग अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इतनी अपेक्षाएं रखते हैं, तो यह हमारी बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि उनकी समस्याओं का अधिकतम समाधान किया जाए। उन्होंने इस पूरे दौरे में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम घोघरा में आयोजित शिविर में ग्राम वासियों से कलेक्टर श्री कोचर ने शिक्षकों के संबंध में शिक्षा के संबंध में चर्चा करने पर ग्राम वासियों ने बड़े उत्साह से बताया कि यहां पर पदस्थ दोनों शिक्षिकाएं गांव में ही रहकर अध्ययन, अध्यापन कार्य कर रहे हैं, स्कूली बच्चों ने भी अपने टीचर की तारीफ की, ग्राम वासियों ने स्कूल में बिजली कनेक्शन की शिकायत की।

ग्रामवासियों ने बताया स्कूल में बिजली फिटिंग तो है, किंतु कनेक्शन नहीं है चौपाल में मौजूद विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मौके पर जाकर ही मीटर कनेक्शन कर दिया साथ ही कलेक्टर ने स्कूल में पंखा और ट्यूबलाइट लगाने के निर्देश दिए, साथ ही स्कूल का किचन शेड मरम्मत के निर्देश दिए और बालिकाओं हेतु शौचालय के लिए निर्माण और सुधार के संबंध में संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए, कहा यह कार्य नियमित रूप से कराया जाए राशि मुहैया कराई जाएगी।

ग्राम घोघरा में तालाब गहरीकरण की मांग पर कलेक्टर ने कहा तालाब का गहरीकरण करवाया जाएगा यहां आयोजित शिविर में राशन पर्ची फीडिंग का कार्य भी किया गया, यहां पर 12 नवीन खाद्यान्न पर्ची फीडिंग की गई और 8 नाम जोड़े गए और तीन नाम हितग्राहियों ने खुद आकर शिविर में कटवाए। ग्राम में शासकीय प्राथमिक शाला में दो शिक्षिकाएं पदस्थ हैं, पल्लवी श्याम कुमार और रंजना चौधरी स्कूल में 38 बच्चे अध्यनरत हैं, यहां पर कक्षा एक से कक्षा पांचवी तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं कलेक्टर श्री कोचर ने शिक्षकों का सराहना की।

# सामान्य जाति को संगठित करने पर दिया जोर



**रनेह।** एक ओर जहां अन्य समाज विकास की ओर अग्रसर है वहीं दूसरी ओर सामान्य जाति दिन प्रतिदिन पिछड़ती जा रही है। राजनीति का क्षेत्र हो या शासन प्रशासन की योजनाओं की बातों हर जगह सामान्य जाति की उपेक्षा की जा रही है। आज समय आ गया है कि हम सामान्य जाति के लोगों को एक जुट होकर अपनी शक्ति को बताना होगा उक्त उदगार पूर्व मेजर सैनिक एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री दर्शन सिंह राजपूत ने ग्राम तालगांव मे नए वर्ष के अवसर पर आयोजित सवर्ण समाज के मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य एवं ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष श्यामाचरण पटेरिया ने सामान्य जाति के विकास और उत्थान के लिए राजनीति में समान जाति की हो रही अपेक्षा को लेकर प्रकाश डाला, पटेरिया जी ने सामाजिक बंधुओ से एकजुट रहने एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी रहने की बात कही। सवर्ण समाज को एकत्रित करने के लिए कार्यक्रम के सूत्रधार सफल त्रिवेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सक्रियता से राजनीति में अपनी पहुंच बनाने के लिए एवं जनसेवा में हमेशा भागीदारी निभाने की बात कही। मिलन समारोह में उपस्थिति जन समूह को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवी कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने राजनीति के क्षेत्र में सामान्य जाति के कार्यकर्ताओं की हो रही अपेक्षा को देखकर खेद व्यक्त किया एवं सामान्य जाति के अधिकारों का हनन होने की बात कही। कार्यक्रम में दर्शन सिंह राजपूत मुख्य अतिथि, श्यामाचरण पटेरिया कार्यक्रम अध्यक्ष, रूपनारायण तिवारी, सफल त्रिवेदी, गोलू उपाध्याय कचनारी जनपद सदस्य प्रतिनिधि शैलेंद्र दीक्षित, अखिलेश तिवारी, लक्ष्मण दुबे, विष्णु प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, हरि नारायण चौबे, लाल सिंह राजपूत, प्रताप सिंह, देवी सिंह, अभिषेक राजपूत, विजय व्यास, गुड्डन कुसमया, दीपक चौबे, सत्यम चौबे, सुमित चौबे, प्रकाश, कृष्णकांत चौबे, भानु प्रताप चौबे, पवन दुबे सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम आयोजक अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया।

## दादपुर में रविवार को होगा धौर्रा व शाहपुर के बीच फाइनल मुकाबला

**हटा।** विकासखंड के दादपुर ग्राम में सरदार पटेल खेल परिसर में सातवें संस्करण प्रीमियर लीग का आयोजन स्वर्गीय श्री गंगाराम पटेल जी की स्मृति में किया गया है जिसमें शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच धौर्रा और रविंद्र 11 सागर के बीच खेला गया जहां धौर्रा टीम ने 57 रनो से जीत हासिल कर फाइनल मैच में जगह बनाई। सेमी फाइनल मैच का शुभारंभ आईवीएफ टीम के संयोजक भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल व उनके मित्र मंडली द्वारा खिलाड़ियों का परिचय कर टास फेंका गया जहां धौर्रा टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 235 रनों का विशाल लक्ष्य रखा जिसके जवाब में उतरी रविंद्र 11 सागर टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही व सलामी बल्लेबाज आदित्य सिंह व राहुल कुछ खास नहीं कर पाए व सस्ते में पवेलियन लौट गए और पूरी टीम 158 रनों पर ऑल आउट हो गई इस तरह धौर्रा ने यह मैच 76 रनों से जीतकर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पेश की। धौरी की और से पर्फयूम सोनू ने 16 गेंदों पर 57 रनो की पारी खेली जिसमें उन्होंने 7 शानदार छक्के भी लगाए बालिंग में भी पर्फयूम ने 2 विकेट निकाले जिसके लिए उन्हे मैन आफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबला कल 4 जनवरी रविवार को 12 बजे से धौर्रा-11 व शाहपुर (सागर) के बीच रोमांचिक मुकाबला होगा।

# गुरुवार से नव वर्ष का हुआ शुभारंभ, ज्ञान धर्म आर्थिक स्थिरता का सूचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नववर्ष 2026 की शुरुआत इस बार गुरुवार हुई है और गुरुवार को ही यह साल खत्म होगा। यह संयोग अपने आप में खास माना जा रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से 1 जनवरी का गुरुवार होना शुभ संकेतों से जुड़ा माना जाता है। ये ज्ञान-धर्म-आर्थिक स्थिरता का सूचक सनातनी परंपरा में गुरुवार का दिन शुभ और श्रेष्ठ माना गया है। इसलिए अच्छे कामों की शुरुआत गुरुवार से करने की परंपरा है। संयोग से इस साल एक जनवरी 2026 को गुरुवार है। ऐसा दस साल बाद यानी 2015 के बाद हो रहा है। इसे ज्योतिष और पंडित विशेष शुभमान रहे हैं। साल का पहले दिन का यह संयोग और भी अनूठा है, क्यों कि वर्ष 2026 का अंतिम दिन 31 दिसंबर भी गुरुवार को ही पड़ेगा। इतना नही हिंदू नववर्ष का शुभारंभ भी गुरुवार 19 मार्च को गुड़ी पड़वा के साथ होगा। पिछले 95 वर्षों में, 1 जनवरी पर गुरुवार को नया साल शुरू होने का संयोग केवल 12 बार ही बना है। अब 2026 में यह आंकड़ा 13 वीं बार बना है । ज्योतिषाचार्य पंडित संतोष शर्मा ने बताया कि गुरुवार को हिंदू ही नहीं, बल्कि जैन, बौद्ध, ईसाई, सिख धर्मो और मुस्लिम समाज में भी आस्था, ज्ञान, दान और शुभ कार्यों का प्रतीक माना गया है। ज्योतिषियों का मत है कि गुरुवार को नए साल की शुरुआत होने का अर्थ है कि अंकों के गणित से भले सूर्य का वर्ष हो, लेकिन इस पर गुरु का अधिपत्य भी रहेगा और धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में अनेक शोधपूर्ण कार्य होते दिखाई देंगे।

### गुरुवार को भगवान विष्णु ,बृहस्पति व सत्यनारायण पूजा का विधान

नगर के पीतांबरा पीठ के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया की सनातनी लोग इस दिन विष्णु, बृहस्पति और सत्यनारायण भगवान की पूजा करते हैं। विवाह, नामकरण, यज्ञ, व्रत और दान जैसे कार्य इस दिन करना उत्तम माना जाता है। पीले वस्त्र, चने की वाल, हल्दी, गुड़ और पीले फूल का वान भी इस दिन विशेष पुण्यकारी माना जाता है। अनेक लोग गुरुवार को व्रत रखते हैं। देवताओं को नीति, धर्म और ज्ञान का उपदेश देने वाले गुरु बृहस्पति ही माने जाते हैं। बौद्धों में भी गुरुवार को ध्यान करुणा और प्रज्ञा (ज्ञान) का प्रतीक माना जाता है। जैन परंपरा में यह दिन गुरु वंदना, ज्ञान, स्वाध्याय और संयम से जुड़ा माना गया है। इसी कारण गुरुवार से शुरू हुए नए साल को धर्म आध्यात्मिक और शुद्ध पूर्ण गतिविधियों के लिए विशेष माना जा रहा है. शास्त्री ने कहा साल की पहली ही तिथि पर गुरु प्रदोष व्रत का संयोग भी बना है भगवान विष्णु त्रिलोकीनाथ हैं-जो भू भुवः और स्वः तीनों लोकों के स्वामी। वे समस्त सृष्टि के पालन रक्षण एवं पोषणकर्ता है। जिनकी कृपा से धर्म की प्रतिष्ठा, जीवन की मर्यादा और आत्मा की शुद्धि संभव होती है। इस साल प्रभु की विशेष कृपा बनी रहेगी।

## परियोजना अधिकारी ने मड़यिादो सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया



**दमोह ।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी हटा शिव राय ने मड़यिादो सेक्टर की आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया, मड़यिादो के आंगनवाड़ी केंद्र 55 पर वैक्सीन सत्र का जायजा लिया और बच्चो और महिलाओ के टीकाकरण की जानकारी ली,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चो का वजन ऊंचाई नियमित करने के निर्देश दिए और केंद्र पर मौजूद बच्चो का वजन लेकर सत्यापन किया। परियोजना अधिकारी शिव राय ने बताया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर 01 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र पर 0-6 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊँचाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पोषण ट्रेकर में दर्ज समस्त बच्चों का सटीक एवं शत प्रतिशत सही वज़न एवं ऊँचाई सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लेना है, जिसके सम्बंध में आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर अभियान की प्रगति सुनिश्चित कर आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली जा रही है।

# गौशाला में निशुल्क विद्या समय पुस्तकालय का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

### जन सहयोग से खोले गए पुस्तकालय में छात्र छात्राओं को शिक्षकों के अलावा नगर के अधिकारी निशुल्क अध्ययन कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के आचार्य दयोदय पशुसेवा केंद्र गौशाला में सुबह 11 बजे राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने विद्या समय पुस्तकालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह पुस्तकालय जन सहयोग से प्रांरभ हुआ हैं विद्या समय पुस्तकालय में नगर एवं आसपास के ग्रामों के बच्चों को निशुल्क किताबें, समाचार पत्र, निशुल्क बाईफाई के अलावा अनुभवी अधिकारियों एवं शिक्षकों के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएंगी। विद्या समय पुस्तकालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग बैठने की व्यवस्था हैं एवं डिजीटल बोर्ड से आंनलाईन कक्षाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही संपूर्ण पुस्तकालय सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं एक शांत माहौल का एहसास पुस्तकालय पहुंचने पर होता हैं।

राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि जबेरा विधानसभा के तेंदूखेड़ा एवं जबेरा में छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए पुस्तकालय खोला जाना चाहिए जो तेंदूखेड़ा के युवाओं के प्रयासों से आज साकार हुआ हैं इसके पूर्व में बहुत से स्थानों पर नवोदय की निशुल्क कोचिंग शुरू करवाई हैं। नवोदय की कोचिंग प्रारंभ करवाने का उद्देश्य सिर्फ यही हैं छात्रों की नींव मजबूत होंगी और आगे चलकर वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आराम से कर सकेगें। पुस्तकालय में छात्रों के लिए जो किताबें उपलब्ध नहीं हैं उनकी सूची बनाकर मुझे दें जिससे मैं उन सभी किताबों को जल्द ही उपलब्ध करा दूंगा। सतेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि समय समय पर मैं भी छात्रों को शिक्षा प्रदान करूंगा एवं एक डिजीटल बोर्ड पुस्तकालय के लिए प्रदान किया। वनविभाग के द्वारा पुस्तकालय में वाटर कूलर प्रदान किया गया। पुलिस विभाग के द्वारा पुस्तक रखने के लिए दो अलमारी प्रदान की गई। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा 21 हजार रूपए की नगद राशि पुस्तकालय के लिए दी गई एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने अपना अपना सहयोग विद्या समय पुस्तकालय में दिया हैं। विद्या समय पुस्तकालय प्रांरभ करने में नगर के पूर्व नगर निरीक्षक नितेश जैन, गौशाला अध्यक्ष संजय जैन, सत्यम जैन, अजय यादव, हर्ष राजपूत, शोभेंद्र सिंह लोधी, विदित तोमर, अभिषेक जैन, गौरव यादव के विशेष सहयोग एवं प्रयासों से निशुल्क पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ हैं। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, टीआई रावेंद्र सिंह बागरी, वन विभाग एसडीओ प्रतीक दुबे, रेंजर श्रेयांश जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सासंद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, अरविंद मोदी, विवेक जैन, रश्मि साहू, दीपक कटारे, श्रेयांश जैन, जीत यादव के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## गंदा पानी आने पर वार्ड के लोगों ने सीएमओ को दिया आवेदन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर गौशाला रोड राम सेवक उपाध्याय वाली गली में नगर परिषद की पेयजल की लाईन नाली में पडी हुई हैं जिसमें लीकेज होने के कारण नाली का गंदा पानी लाईन में जा रहा हैं जिसकी लिखित शिकायत वार्ड के लोगों ने सीएमओ से की हैं सतीश खरे ने बताया कि पूर्व में कई बार नगर परिषद के कर्मचारियों को लाईन बाहर निकालकर लीकेज सुधारने के लिए कहा लेनिक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया। पेयजल में लीकेज होने के चलते जंग भरा एवं गंदा पानी आता हैं जिससे स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं वार्ड के लोगों ने पेयजल की लाईन में सुधार कार्य कर नाली से बाहर लाईन को रखने की मांग की हैं।

# न्यू ईयर पर फैमिली के साथ किया एंज्वॉय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

साल 2026 का पहला दिन गुरुवार को था जहां जिलेभर में धूमधाम उमंग उत्साह आनंद नजर आया पिकनिक स्पॉट धार्मिक स्थल लोगों से गुलजार रहे चारों ओर काफी चहल-पहल रही कड़ाके की ठंड के बीच सभी ने खूब एन्जॉय किया अल सुबह चाइल्ड यूथ उठे और अपने पैरेंट्स का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की यूथ ने अपने फ्रेंड्स के साथ न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए पिकनिक स्पॉट धार्मिक स्थल पहुंचे और भ्रमण कर खूब एन्जॉय किया वर्ष 2025 को लोगों ने देर-रात्रि में अलविदा कहते हुए वर्ष 2026 का आगाज धूमधाम के साथ किया गया एक दिन पहले ही जिलेभर से लोग अलग अलग स्थानों पर पहुंच कर मंदिरों में दर्शन किए तो कुछ मैहर और उज्जैन सहित बांदकपुर सहित जिलेभर के अन्य मंदिरों में पहुंचे चारों ओर दिनभर भीड़ नजर आई।



जानकी साहू बताती है कि नए साल पर फैमिली के साथ पिकनिक मनाने के लिए भेड़ाघाट और कचनार सिटी गए थे। जहां शिवजी के दर्शन किए और सभी ने मिलकर एन्जॉय किया है। नये साल की शुरुआत भोलेनाथ के दर्शन कर हुई है। यहां काफी अच्छा लगा है। नये साल में सकारात्मक सोच के साथ आगे बड़े यही उम्मीद के साथ शिवजी के दर्शन किए। -जानकी साहू तेजगढ़

यूथ राजा सेन बताते है कि हमेशा ही प्रयास रहता है कि माता पिता की



आज्ञा का पालन करूं और इसी प्रण के साथ इस वर्ष में भी प्रवेश किया है कि अपने इस संकल्प को कभी न टूटने दूं और बड़ों का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहे। हम लोगों ने मां नर्मदा के दर्शन कर नए साल की शुरुआत की।
**राजा सेन, तेंदूखेड़ा**

वीरु यादव कहते है कि नया साल उत्साह और उमंग से भरा रहे।



सुबह उठकर स्नान ध्यान कर माता पिता दर्शन वंदन कर बड़ी खेरमाई देवी मंदिर पहुंचे। जहां मातारानी से सुख समृद्धि की कामना की गई और पर्यटन स्थल पर पहुंचकर दोस्तों के साथ नये साल को सेलिब्रेट किया।
**वीरु यादव, तेंदूखेड़ा**

राहुल ठाकुर बताती हैं कि न्यू ईयर का पहला दिन और कड़ाके की ठंड, लेकिन उत्साह कम नहीं हुआ। मैं



अपने दोस्तों के मां नर्मदा के दर्शन कर व धार्मिक स्थल पहुंचकर पहला दिन मस्ती कर सेलिब्रेट किया। वहीं पिकनिक का लुत्फ भी उठाया। बड़ी संख्या में लोग न्यू ईयर का पहला दिन सेलिब्रेट करने के लिए आए हुए थे मैंने अपने सहयोगियों के साथ नये वर्ष की शुरूआत की है।
**राहुल सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा**

भूमिका यादव कहती है कि गुरुवार से नये साल की शुरुआत हो चुकी है। जहां परिवार के साथ



सुबह से ही नगर की बड़ी खेरमाई मां और कोडल के शिवजी के दर्शन किए हैं और परिवार के साथ काफी अच्छा अनुभव हुआ है। नये साल में नई शुरुआत के लिए मां नर्मदा से प्रार्थना की है सभी ने खूब एन्जॉय किया है और काफी अच्छा लगा है।
**भूमिका यादव, तेंदूखेड**

## आजाद भारत पार्टी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को पांच मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा 5 मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि प्रदेश में चल रहे नाईट क्लब, टब, रेस्टोरेन्ट में बढ़ रही गतिविधियों पर निगरानी एवं जांच करनें का कष्ट करें जिससे दिल्ली राज्य जैसी घटनायें कही भी न हो, मोबाइल पर खुले आम चल रहे गंदे और भद्दे वीडियों पर प्रतिबंध लगें,प्रदेश के समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुये उनकी वृद्धा पेंशन है सौ रूपये मात्र से बढ़ा कर तीन हजार करें जिससे प्रदेश भर के माता और पिता दोनों का जीवन यापन सुचारु रूप से चल सकें,कोचिंग के नाम पर प्रदेश भर में चल रहीं लुटाई बंद कराई जायें, सभी सीनियर सिटीजन जिन्होंनें शासन के सभी विभागों में अधिकारी और कर्मचारियों के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा की हैं उन्हें 30 जून अथवा 30 जनवरी में सेवा निवृत्त होने के कारण इंक्रीमेंट से बंचित रहना पड़ा हैं उन्हें इंक्रीमेंट लगाया जाये अतः प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नजर अंदाज करना सरकार को खतरे में डालने के समान हैं समय-समय पर आजाद भारत पार्टी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने मान्यता म.प्र. कर्मचारी संघ के माध्यम से भी प्रदेश सरकार को अवगत कराया है कृपया उपरोक्त सभी जन हितेषी मांगों का समाधान करने की कृपा करें। इस अवसर पर संयोजक रामरतन यादव, प्रदेश अध्यक्ष सरला चौबे, सगीर खान, डीपी बौद्ध, सी.एल. अहिरवार, डी.एल. अहिरवार, लखनलाल पाली, श्याम लाल पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वर्दी के पीछे इंसानियत, पुलिस का सराहनीय कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आम नागरिकों में अक्सर नकारात्मक धारणाएं देखने को मिलती हैं, लेकिन हटा पुलिस अपनी संवेदनशीलता और तत्परता से इन धारणाओं को तोड़ते हुए मानवता के सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। जहां विगत रात्रि करीब 3 बजे जब शहर गहरी नींद में था और ठंड अपने चरम पर थी, तब हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी अपनी रात्रि गस्त कर रहे थे तब उनकी नजर सड़क किनारे पन्नी ओढ़कर पड़े कुछ बेसहारा गरीब लोगों पर पड़ी तब उन्होंने अपना पुलिस वाहन रोका और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए स्वयं उनके पास पहुंचकर कड़ाके की सर्दी से ठिठुरते जरूरतमंदों के लिए वे सिर्फ निर्देश देने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि खुद कंबल लेकर उनके बीच पहुंचे और सहारा बने। इस दौरान बेसहारा परिवार के बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सड़क किनारे जीवन गुजार रहे लोगों के चेहरे पर राहत और अपनापन साफ नजर आया। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने अपने स्टाप को स्पष्ट निर्देश दिए कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति असुविधा का शिकार न हो। इस मानवीय पहल के साथ थाना प्रभारी ने समाज के सभी वर्गों से भावुक अपील भी की। उन्होंने कहा कि तेज सर्दी के इस दौर में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। आम नागरिक, सामाजिक संस्थाएं और जनप्रतिनिधि आगे आकर कंबल, गर्म कपड़े एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराएं, ताकि कोई भी गरीब ठंड के कारण पीड़ा न सहे। श्री बेगी की यह पहल न केवल प्रशासनिक कर्तव्य का उदाहरण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणादायक मिसाल भी है, जिसने समाज को आगे बढ़कर जरूरतमंदों का हाथ थामने का संदेश दिया है।

### लोगों ने कहा पुलिस ने ड्यूटी के साथ दिखाई मानवता

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। लोगों का कहना है कि हटा थाना प्रभारी ने यह साबित कर दिया है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर मानवता और सेवा भाव के साथ आमजन की मदद के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली है और अन्य लोगों की मदद के लिए प्रेरित करती है।

## खबर संक्षेप

### 5 घंटे का श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का किया गया आयोजन

**दमोह।** अंग्रेजी नए वर्ष के उपलक्ष में जुझार गांव के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा 5 घंटे का श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें दुर्गा चालीसा प्रारंभ और समापन के अवसर पर दो-दो मिनट के मां एवं गुरुवार के जयकारे अंजलि सेन, आरती सेन ने लगाऐ। इस अवसर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, टीम प्रमुख हल्ले सेन ने कहा हम बदलेंगे जग बदलेगा सबसे पहले हमें स्वयं के जीवन में परिवर्तन लाना होगा तभी हम दूसरों के जीवन में परिवर्तन लाकर एक सकारात्मक दिशा धारा ला सकते है। और नए साल पर भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा जगह जगह आरती एवं 24 घंटे 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न किया गया। मुन्ना सेन कहा कि हमें घर-घर क्यों न जाना पड़े लोगों को समझाकर उनके घरों में आरती चालीसा पाठ करके लोगों को नशा मुक्त बनाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस दौरान घनश्याम प्रसाद असाटी, मुन्ना सेन, मयूर असाटी,लटोरी सिंह लोधी, अंशु असाटी,चतुर प्रजापति, शुभम असाटी,कड़ोरी सेन, लक्ष्मी प्रसाद असाटी,परम विश्वकर्मा, हेमेंद्र असाटी राजन, अशोक असाटी,आदि उपस्थित थे।

### पंचवटी सिद्ध धाम में कल से श्रीमद भागवत कथा

तेंदूखेड़ा। नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में रविवार से संगीतमय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ आनंद उत्सव का शुभारंभ किया जा रहा हैं रविवार को शोभा यात्रा निकाली जाएंगी जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन नगर की कार्तिक महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा हैं कार्तिक महिला मंडल में लगभग 100 से अधिक महिलाएं जुडी हुई हैं जिनके प्रयासों से यह आयोजन किया जा रहा हैं। कथा वाचक पंडित प्रेमनारायण शास्त्री वृंदावन धाम समनापुर वालों ने बताया कि सोमवार को अवतार कथा, सुकदेव परीक्षित जन्म कथा, मंगलवार को अजामिल प्रसंग, प्रहलाद एवं ध्रुव चरित्र, बुधवार को वामन प्रसंग, राम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, गुरूवार को माखन लीला, बाल लीलाएं, गोर्वधन पूजा, शुक्रवार को महारास लीला, रूकमणि मंगल, शनिवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथाएं होगी ।

### जिपं सदस्य सीट पर परिवार का कब्जा रखा बरकरार, 1102 मतों से पाई विजय

# कुम्हारी जिपं उपचुनाव: युवा साहिल सिंह ने अपने दादा की सीट पर परचम फहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

राजनीति की राजनीति में अपना एक अलग स्थान बनाने दिवंगत जिला पंचायत सदस्य चंदन सींग के आकस्मिक निधन से रिक्त हुई सीट पर हुये उपचुनाव में मुख्य चुनाव से भी अधिक जोर अजमाईश रही। 15 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमाने उतर पडे। उपचुनाव के परिणाम में चंदन सींग के नाम पर चुनाव लड़ने वाले दनके भतीजे कुंवर साहिल सिंह ने 112 मतों से विजय श्री प्राप्त की। उन्हे 6026 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे भरत पटैल को 4914 मत मिले। तीसरे स्थान पर सत्यम सिंह को 3157 मत एवं बेनी सिंह 2822 मत पाकर चौथे स्थान पर रहे। साहिल की जीत से न केवल एक नया जनप्रतिनिधि मिला, बल्कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं, स्मृतियों और विश्वास को भी स्पष्ट रूप से सामने रखा। कुंवर साहिल सिंह लोधी, स्वर्गीय चन्दन सिंह लोधी जी के भतीजे हैं और यह उपचुनाव उनके राजनीतिक जीवन का पहला कदम रहा। अपने पहले ही चुनाव में जनता से मिले इस व्यापक समर्थन ने यह साबित कर दिया कि कुम्हारी क्षेत्र आज भी चन्दन सिंह लोधी जी के कार्यों, विचारों और सेवा भावना को याद करता है। जीत के बाद कुंवर साहिल सिंह लोधी ने भावुक होते हुए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा"यह चुनाव मेरे लिए केवल एक राजनीतिक जीत नहीं है। क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, वह मेरे चन्दन दादा जी के लिए लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है। जनता का यह आशीर्वाद बताता है कि दादा जी ने अपने जीवन में जो सेवा की, उसे लोग आज भी नहीं भूले हैं।" कुंवर साहिल सिंह लोधी की जीत के बाद क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखा गया। पटेरा नगर में विजय जुलूस निकाला गया जहां संकट मोचन मंदिर में विजयी प्रत्याशी साहिल सिंह ने दर्शन किये एवं जुलूस के साथ नगर भ्रमण किया। इसके पश्चात जुलूस के रूप में अपने गांव मझगुंवा हंसराज पहुंचे जहां भव्य स्वागत किया गया। रास्ते भर उनका स्वागत हुआ फूल मालाओं से हुआ।



#### यह रहा परिणाम

| नाम | मत |
|---|---|
| साहिल सिंह | 6026 |
| भरत पटैल | 4924 |
| सत्यम सिंह राजपूत | 3157 |
| बेनी सिंह नन्ना | 2822 |
| मानसिंह प्रताप सिंह गौड़ | 2387 |
| देवकीनंदन सिंह लोधी | 2332 |
| लाल सींग यादव | 1709 |
| रामपाल पटैल | 1703 |
| बसौरी अहिरवार | 1695 |
| विजय पटैल | 1638 |
| टीकाराम कुर्मी | 219 |
| उमा यादव | 277 |
| लकी वर्षा गुप्ता | 284 |
| कृष्णकुमार पटैल | 799 |
| हरिश्चंद्र पटैल | 88 |
| नोटा | 142 |
| **कुल** | **30202** |

#### देवरान में वंदना पटेल, निबौरा में रामकिशुन ने पाई विजय

पथरिया। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरान में हुए सरपंच उपचुनाव के परिणाम में श्रीमती वंदना मुकेश पटेल 149 मत से जीत हासिल की। बता दें कि इनको 590 मत मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी पार्टी रूबी दांगी को 441 वोट मिले और नोटा को 14 वोट मिलें। वहीं बटियागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत निबौराकला में रामकिशुन लोधी ने 39 वोटो से विजय पाई। उन्हे 557 वोट मिली एवं निकटतम प्रतिद्वंदी आरती लोधी 518 वोट मिली।

### बांदकपुर धाम में शिव–शक्ति का दिव्य संगम

# देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव अर्धनारीश्वर स्वरूप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वरनाथ धाम, बाँदकपुर में संध्याकालीन आरती के दौरान भक्तों को एक अलौकिक और अत्यंत आध्यात्मिक दृश्य के दर्शन हुए। स्वयंभू महादेव अर्धनारीश्वर स्वरूप में विराजमान हुए, जिसने शिव–शक्ति की अखंड एकता, समरसता और दिव्य संतुलन का भावपूर्ण संदेश दिया। अर्धनारीश्वर भगवान शिव का वह अद्भुत और दुर्लभ स्वरूप है, जिसमें आधा भाग शिव के पुरुष रूप में तथा आधा भाग माता पार्वती के स्त्री स्वरूप में एक ही देह में समाहित होता है। यह स्वरूप सृष्टि में पुरुष और स्त्री की समानता, परस्पर पूरकता तथा संतुलन का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इस दिव्य दर्शन ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। संध्याकालीन आरती के समय महादेव का भव्य एवं दिव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। एक ओर डमरू की दिव्य गूंज और दूसरी ओर माता पार्वती के सौंदर्य को दर्शाते अलंकृत आभूषणों से सुसज्जित यह स्वरूप अत्यंत मनोहारी प्रतीत हुआ। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि, दीपों की उजास और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अर्धनारीश्वर स्वरूप की आराधना से भगवान शिव और माता पार्वती दोनों की संयुक्त कृपा प्राप्त होती है। इससे भक्तों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। नववर्ष के पावन अवसर पर हुए इस दिव्य दर्शन ने श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक दृढ़ किया। नववर्ष की संध्याकालीन आरती में देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव के इस अद्वितीय अर्धनारीश्वर दर्शन ने बाँदकपुर धाम को एक बार फिर आस्था, आध्यात्मिक चेतना और दिव्यता का अनुपम केंद्र बना दिया। उल्लेखनीय है कि दिव्य श्रृंगार एवं पूजन पुजारी दुर्गेश दुबे 'सीतू' पंडा द्वारा विधिवत वैदिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया।



### नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण



**दमोह ।** दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने ग्राम करैया राख में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। यह पंचायत भवन 37 लाख 49 हजार रूपये की लागत से निर्मित हुआ। कार्यक्रम में गौरव पटेल, रमन खत्री, अखिलेश हजारी, चटन पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विधायक ने नव वर्ष आयोजन में भाग लिया

**दमोह ।** दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने प्रतिवर्ष अनुसार नव वर्ष के अवसर पर सांई मंदिर बकौली में आयोजित एक विशेष आयोजन में भाग लिया। श्री श्याम भक्त मंडल तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कंबल वितरण और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। विधायक मलैया ने जरूरतमंद लोगों को कंबल और प्रसाद में खिचड़ी वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के वंचित वर्गों के प्रति सहानुभूति और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने श्री श्याम भक्त मंडल की पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कलेक्टर पहुँचे ग्राम कुँवरपुर ,लिया जायजा



**दमोह।** विकासखण्ड पटेरा के ग्राम कुँवरपुर स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की माप स्वयं अपने समक्ष करवाई, ताकि बच्चों के पोषण स्तर की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। उन्होंने केवल औपचारिक निरीक्षण नहीं किया, बल्कि एक अभिभावक की तरह बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की चिंता करते हुए उनके वजन और ऊँचाई की माप अपने समक्ष करवाई। कलेक्टर श्री कोचर ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया, उनके चेहरे की मुस्कान देखी और प्यार से उनसे बातचीत की और उन्हें दिए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। यह क्षण केवल निरीक्षण का नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासन और मानवीय सरोकारों का प्रतीक बना। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्देश दिए कि बच्चों के समुचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छ वातावरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# सुबह घर से निकला युवक शाम तक नहीं लौटा, रहस्यमय तरीके से लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

तेजगढ़ थाना क्षेत्र के जबेरा जंप की गूढ़ा ग्राम पंचायत के गांव अमतरा से एक युवक के अचानक लापता हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। युवक सुबह घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। दिनभर इंतजार और तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों की चिंता गहराती चली गई। ग्राम अमतरा निवासी धन्नु रैकवार पिता घन्सू रैकवार तेजगढ़ थाने पहुंचे और पुलिस को बताया कि उनका पुत्र सुरेन्द्र रैकवार 29 दिसंबर 2025 की सुबह करीब सात बजे बिना किसी को जानकारी दिए घर से निकल गया था। उस समय घर में परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे। युवक के अचानक इस तरह गायब हो जाने से परिजन सदमे में हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।

परिजनों ने बताया कि धन्नु रैकवार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। पुत्रियों की शादी हो चुकी है, जबकि सुरेन्द्र और रोहित अविवाहित हैं। सुरेन्द्र घर पर ही रह रहा था। घटना के एक दिन पहले उसकी पत्नी अपनी बहन के साथ मायके चली गई थी। इसके बाद युवक का इस तरह अचानक लापता होना कई सवाल खड़े कर रहा है। पूरे दिन गांव, आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आखिरकार 30 दिसंबर 2025 को परिवार ने तेजगढ़ थाना पहुंचकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया, जिसके बाद गुमशुदगी दर्ज कर ली गई। लापता युवक सुरेन्द्र रैकवार का रंग गोरा, कद लगभग पांच फीट पांच इंच बताया गया है। लापता होते समय वह नीली जींस पैंट, नीली जैकेट और काले रंग के जूते पहने हुए था। पुलिस संभावित स्थानों पर पूछताछ कर रही है और युवक की तलाश के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। युवक के रहस्यमय ढंग से लापता होने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, वहीं परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और युवक को जल्द तलाशने के प्रयास जारी हैं।

### जिम्मेदारी उसे दी जायेगी जो बफादारी से काम करेगा- हर्ष यादव



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सभी ने अपनी अपनी बात रखी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि जो मंडलम सक्रिय है उन्हें यथावत रखे एवं जो निषक्रिय है उन्हें ब्लाक अध्यक्ष ही बदल सकते है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जो मनरेगा योजना का नाम बदला है उनका हमें पंचायत स्तर पर निषेध करना है। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि किसी विधानसभा में 30 से 40 पोलिंग बूथ बढ़े है उनमें भी हमें मंडलम अध्यक्ष शीघ्र ही बनाना है पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने भी कहा मोहन सरकार गुंगी बहरी हो चुकी है जिसके लिए हमें आंदोलन करने पड़े अथवा धरना देना पड़े हम जनता की लड़ाई लड़ेगे। वीरेन्द्र दबे, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम सिंह, निधि श्रीवास्तव, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, बबलू भटट, नितिन मिश्रा, विजय बहादुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, धरमा यादव, प्रदीप पटेल, बाबुलाल पटेल, मंजीत यादव, पप्पू कसोटया, शमीम कुरैशी, अमर सींग, उबेद गौरी, रियाज खान, बसंत कुशवाहा, लाखन सिंह, मुकेश रोहिताश, अभिषेक यादव, अजय जाटव ने भी कहा अपना सुझाव देते हुए कहा कि उसी कार्यकर्ता को पदाधिकारी बनाया जाये जो पार्टी का काम बफादारी से कर सके और समय दे सके। जिले के विधानसभा वार्ड प्रभारी अतुल बाजपेई दमोह राजदीप मोनू हटा मार्तंड बुंदेला जबेरा संजय पटेल पथरिया ने भी कहा कि ब्लॉक अध्यक्षो से संपर्क कर उनके ब्लाको का दौरा करेंगें। वही हटा ब्लॉक से गोलू सराफ, नंदलाल चौरसिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पटेल रत्नेश सोनी, पिंकी दुबे बटियागढ़ से सतीश पटेल तेन्दुखेड़ा से नीलेश यादव ने भी भाजपा वोटर लिस्टो में हेर फेर करवाकर चुनाव लड़ती है जिसके लिये हमें सजग एवं चौकस रहना होगा।

# नववर्ष पर मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




नया वर्ष के उपलक्ष में शौर्या दल द्वारा जबेरा तहसील के पुराने भवन में तहसीलदार सोनम पांडे की अध्यक्षता में नया वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील स्टाफ लोक सेवा केंद्र रजिस्ट्री ऑफिस के साथ ही एडवोकेट एम एल राय, देवेंद्र प्रजापति, नायब तहसीलदार राजेश साहू, अटल बिहारी वर्मा, रजिस्ट्री ऑफिसर देवदत्त सेन, दस्तावेज लेखक कमल खरे, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि श्रीमती अनुपमा मिश्रा, आम आदमी पार्टी बसंत राय, पंडित गोविंद प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी, संभागीय रिसोर्स पर्सन महिला सशक्तिकरण शौर्य दल के साथ ही अनेक महानुभावों की उपस्थिति रही। सभी ने एक दूसरे को नए वर्ष मिलन समारोह की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में तहसील दार महोदय ने नए वर्ष मिलन समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में ऐसा महसूस कर रही हूं कि हम के अपने परिवार की तरह लगते हैं मैं सोनी जी से कहना चाहती हूं की आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहें। कार्यक्रमों से हम एक दूसरे से मिलकर अपनी बात सामूहिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे सभी लोग परिवार की तरह मिलते रहे। मिलन कार्यक्रम इसी प्रकार का संदेश देता है। वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी ने नए वर्ष मिलन समारोह की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहां की हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं।

### नन्ही कशिश के सपनों को मिला प्रशासन का सहारा

**दमोह।** विकासखण्ड पटेरा के ग्राम कुंवरपुर में आंगनबाड़ी केंद्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संवेदनशील पहल करते हुए बालिका कशिश रजक कक्षा 6 के घर पहुँचकर उसके परिवार से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान कशिश ने अपनी पढ़ाई को लेकर बताया कि ऑनलाइन कक्षाएं लेने के लिए उसके पास स्मार्ट फोन उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उसकी शिक्षा प्रभावित हो रही हैं। बालिका की बात को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर श्री कोचर ने आश्वस्त किया कि ऑनलाइन शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए कशिश को शीघ्र ही स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि कोई भी बच्चा केवल संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे, यह शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# संतों की तपोभूमि सिद्धधाम गंगा झिरिया में उमड़ा आस्था का महासागर

### श्री रामचरितमानस महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा के साथ 21 दिवसीय विराट धार्मिक आयोजन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के जनपद जबेरा अंतर्गत ग्राम बीजाडोंगरी स्थित संतों की तपोभूमि सिद्ध धाम गंगा झिरिया में श्री रामचरितमानस महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, मानस प्रवचन माला एवं विराट मानस सम्मेलन जैसे 21 दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ आज विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालुओं के जनसैलाब ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा का शुभारंभ खेर माता मंदिर, श्री राम-जानकी मंदिर एवं ग्राम के प्रमुख देवी-देवालयों में विधिवत पूजा-अर्चना, ध्वज बंधन एवं देवी-देवताओं के आवाहन के साथ किया गया। इसके पश्चात भक्ति से ओत-प्रोत श्रद्धालुओं का कारवां श्री रामचरितमानस महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन के यज्ञ स्थल की ओर प्रस्थान कर गया। कलश यात्रा का दृश्य अत्यंत भव्य, दिव्य और दर्शनीय रहा। यात्रा में 108 कन्याएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ चल रही थीं, जबकि पुरुषों की टोलियां "श्री राम" धुन और राम नाम संकीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रही थीं। चारों ओर भगवा ध्वज, जयघोष और राम नाम की गूंज से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। उल्लेखनीय है कि गंगा झिरिया सिद्ध धाम संतों की तपोस्थली होने के साथ-साथ अपने प्राकृतिक सौंदर्य और गहरी आस्था के कारण क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक केंद्र है। यहां प्रकृति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी यह 28वां विराट धार्मिक आयोजन संपन्न हो रहा है। यह भव्य कलश यात्रा सिद्ध धाम के श्री श्री 108 छोटे महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज के परम सान्निध्य एवं आशीर्वाद में निकाली गई। यात्रा में यज्ञाचार्य सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। यात्रा की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां तक नजर पहुंच रही थी, वहां तक श्रद्धालुओं का जनसैलाब और भगवा वातावरण ही दिखाई दे रहा था। यह विराट धार्मिक आयोजन 2 जनवरी से 23 जनवरी तक कुल 21 दिनों तक चलेगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन श्री रामचरितमानस पाठ, श्रीमद्भागवत कथा, प्रवचन, हवन-यज्ञ एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। यह आयोजन क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से परम पूज्य महंत श्री राम अनुग्रह दास जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। संतों की तपोभूमि गंगा झिरिया में प्रारंभ हुआ यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाज को संस्कार, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने वाला एक विराट आध्यात्मिक महोत्सव भी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोग घायल, एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह मार्ग पर स्थित पड़रिया चौराहा पर बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला है जहां बाइक सवार घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े रहे घटना की सूचना राहगीरों द्वारा डायल 112 को दी गई जहां सूचना मिलते ही डायल 112 से पायलट चरण सिंह ठाकुर और सैनिक 149 कालू सींग मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर इलाज के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां सुनीता पति कमल सिंह लोधी 50 निवासी देवलारी थाना नरसिंहगढ़ राहुल पिता कमल सिंह लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी देवलारी थाना नरसिंहगढ़ को भर्ती कराया गया लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद सुनीता पति कमल सिंह लोधी को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर रेफर किया गया है व राहुल सिंह लोधी का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है तेजगढ़ पुलिस द्वारा मामले की जांच कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### राशन विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** जिले के समस्त राशन विक्रेता संघ के द्वारा जिला कलेक्टर एवं खाद्य विभाग अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें दमोह जिले के समस्त ब्लाकों में राशन दुकानों से आम जनता को राशन वितरण खाद्य सामग्री दी जाती है विगत चार माह से लगातार राशन दुकानों से खाद्य सामग्री का वितरण आम जनता को किया जा रहा है परंतु आज दिनांक तक राशन दुकानदारों को राशन वितरण का कमीशन मेहनताना अभी तक नहीं किया गया। जिससे समस्त राशन दुकानदार परेशान हो रहे । दुकानों का संचालन कैसे करे, दुकान चलाने में लगने वाले समस्त खर्च कहां से लाये। शासन द्वारा समय पर मासिक कमीशन नहीं दिया जाता जिससे दुकान चलाने में समस्या होती है। पिछले चार माह का कमीशन भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। कमीशन न करने पर माह जनवरी 2026 का राशन वितरण राशन दुकानदार नहीं करेंगे। इसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बडी संख्या में राशन विक्रेताओं की उपस्थिति रही।

### 01 जनवरी से 15 फरवरी तक 45 दिवसीय टीकाकरण अभियान

**दमोह।** दमोह जिले में एक जनवरी 26 से राष्ट्रीकय पशुधन रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं में खुरपका मुँहपका (वैखरा) रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में लगभग 4 लाख 89 हजार गौवंश एवं भैंसवंश में 15 फरवरी 2026 तक पशुपालक के घर जाकर/शिविर के माध्यम से वैखरा का टीका लगाया जाएगा, 45 दिन के टीकाकरण अभियान में कान में टेग लगाकर ऑनलाइन फीडिंग की जायेगी। इस अभियान में विकासखंडवार, संस्था2वार दलो का गठन कर टीकादृव्यं उपलब्ध करा दिया गया है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग दमोह डॉ. बी.के.असाटी ने जिले के पशुपालकों से टीकाकरण अभियान के माध्यम से पशुओं में टेग एवं टीका लगवाने में हमारे क्षेत्रीय अमला यथा सहायक पशु चिकित्सी क्षेत्र अधिकारी, गौसेवक,गौमैत्री कार्यकर्ताओं से समन्वटय स्थानपित कर सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है, ताकि पशुओं को रोगों से बचाया जा सके।